मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल

ई–8/77, शाहपुरा, भोपाल

फोन 0755–2926160, 2926159

E-mail: rajyasanghbpl@yahoo.co.in Website:-www.mpscu.in

क्रमांक / एच.डी.सी.एम.-6/2026/2874

प्रति,

भोपाल, दिनांक : 26-3-2026

1. प्रबंध संचालक
   शीर्ष सहकारी संस्थाएँ
   समस्त (म.प्र.)
2. उप/सहायक आयुक्त सहकारिता
   समस्त (म.प्र.)
3. मुख्य भोपाल कार्यपालन अधिकारी
   क्षेत्रीय दुग्ध संघ ग्वालियर,
   जबलपुर, सागर, उज्जैन, इंदौर व भोपाल
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी
   जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित
   समस्त (म.प्र.)
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी / प्रबंधक
   नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित
   समस्त (म.प्र.)
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी / प्रबंधक
   प्राथमिक / केन्द्रीय सहकारी संस्थाएँ
   समस्त (म.प्र.)

विषय :- सहकारी प्रबंध में उच्चतर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम (Batch No. HDCM-6 online) में प्रवेश हेतु सूचना।

संदर्भ :- 01) आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयन सहकारी संस्थाएँ मध्यप्रदेश का पत्र क्रमांक /शि.प्र. /2020/509 भोपाल दिनांक 04/02/2021

02) कार्यालय का पत्र क्रमांक /एच.डी.सी.एम.-6/2026/2646 भोपाल, दिनांक 23.02.2026

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के संबंध में लेख है कि सहकारी संस्थाओं में नियोजन, पदोन्नति एवं कर्मचारियों की कुशलता वृद्धि एवं कार्यपालन पदों हेतु अनिवार्य योग्यता में से एक सहकारी प्रबंध में उच्चतर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम जिसका संचालन शासन के निर्देशानुसार राज्य सहकारी संघ द्वारा ऑनलाइन किया जा रहा है। इस संबंध संदर्भित पत्र 2 के अनुसार छठवां सत्र ऑनलाइन दिनांक 15.04.2026 से 15.09.2026 तक के लिये आयोजित हो रहा है। कृपया आपकी संस्था से संबंधित सहकारिताओं के अधिकारी/कर्मचारियों को पाठ्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु नामांकन भेजने का कष्ट करें।

इस कोर्स में भाग लेने की प्रक्रिया निम्नानुसार है -

1. राज्य सहकारी संघ द्वारा सहकारी संस्थाओं में पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु ऑनलाइन सहकारी प्रबंध में उच्चतर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम (Batch No. HDCM-6) छठवां सत्र दिनांक 15.04.2026 से 15.09.2026 तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। जिसमें प्रवेश (ADMISSION) ऑनलाइन

पोर्टल www.mpscu.in पर दिनांक 25.02.2026 से 25.03.2026 तक रजिस्ट्रेशनएवं फीस भुगतान से किया था। विभिन्न संस्थाओं से प्राप्त सूचना के आधार पर तिथि में वृद्धि कर ऑनलाइन प्रशिक्षण आवेदन की तिथि दिनांक **25.04.2026** रखी जा रही है तथा प्रशिक्षण आयोजन **01.05.2026** से आरंभ किया जाएगा। जो दिनांक **01.05.2026** से 30.09.2026 तक संचालित होगा। **ऑनलाइन** आवेदन करने में कोई कठिनाई हो तो संघ मुख्यालय में मोबाइल - 7898-006-006, 8770-988-938 पर संपर्क किया जा सकता है।

2. पाठ्यक्रम में भाग लेने हेतु स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
3. सहकारी संस्थाओं में पदस्थ संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु संस्था का अनापत्ति प्रमाण पत्र/अनुशंसा पत्र होना अनिवार्य है।
4. प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों के परीक्षण किये जाने के उपरांत प्रशिक्षण निर्धारित दिनांक **01.05.2026** से प्रारंभ किया जावेगा।
5. संघ द्वारा प्रशिक्षण हेतु चयनित प्रतिभागियों को पाठ्य सामग्री रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की जावेगी।
6. विभिन्न सहकारी संस्थाओं में आउटसोर्स/संविदा में पदस्थ कर्मचारी भी प्रवेश हेतु पात्र है।
7. राज्य सहकारी बैंक एवं जिला सहकारी बैंकों में नव नियुक्त कर्मचारी भी प्रवेश हेतु पात्र है।
8. कार्यालयीन कर्मचारियों का कार्यालयीन कार्य प्रभावित न हो इसलिए डिप्लोमा के तहत सभी व्याख्यान प्रातः 9.00 से 11.30 के मध्य ऑनलाइन माध्यम से प्रसारित किये जाते हैं।
9. प्रतिभागियों की अध्ययन भ्रमण एवं अंतिम परीक्षा प्रतिभागियों द्वारा चयनित संघ संचालित प्रशिक्षण केंद्र क्रमशः भोपाल, इंदौर, जबलपुर, एवं नौगांव जिला छतरपुर द्वारा कराई जावेगी।

महाप्रबंधक

क्रमांक /एच.डी.सी.एम./2026/2874 **भोपाल, दिनांक** 25-3-2026

प्रतिलिपि -

1. आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयन सहकारी संस्थाएं मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
2. संयुक्त आयुक्त सहकारिता समस्त संभाग मध्यप्रदेश की ओर भेजकर अनुरोध है कि समस्त सहकारी संस्थाओं को आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करें।
3. प्राचार्य सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र समस्त म.प्र. की ओर इस निर्देश के साथ कि केन्द्र की क्षेत्रीय संस्थाओं से तत्काल संपर्क कर प्रशिक्षणार्थियों के नामांकन के संबंध में सूचित करें।
4. जिला सहकारी शिक्षा प्रशिक्षक/कम्प्यूटर प्रशिक्षक समस्त म.प्र. की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. प्रबंधक जिला सहकारी संघ समस्त की ओर भेजकर लेख है कि सभी संस्थाओं को भी सूचित करें।

महाप्रबंधक